## पाठ 3

# हड़बड़ में गड़बड़

जंगल में सभा हुई। सभी जानवर एक जगह एकत्रित हुए। जानवरों के बच्चे भी वहीं आपस में खेल रहे थे। बच्चों ने सोचा– सभी बड़े केवल अपने बारे में सोचते हैं। हम पर बहुत कम ध्यान देते हैं। चलो, हम भी अपनी बात रखेंगे।

बच्चों ने अपनी तस्वीर बनवाने की जिद पकड़ ली। राजा शेर ने चित्रकार गोलू खरगोश को चित्र बनाने की आज्ञा दी।

बच्चों ने 'पहले मेरा, पहले मेरा' की रट लगा दी। गोलू खरगोश तंग आ गया और हड़बड़ में गड़बड़ कर बैठा। एक का कान दूसरे पर बना दिया।



© BSTBPC WEBCOPY NOT TO BE PUBLISHED

1. गोलू खरगोश द्वारा बनाया गया चित्र देखिए और लिखिए कि किस जानवर के सिर पर किसके कान हैं?

| जानवर | कान | जानवर | कान |
|---|---|---|---|
| हिरण | भैंस | हाथी | ............................ |
| भैंस | ............................ | जिराफ | ............................ |
| कुत्ता | ............................ | चूहा | ............................ |

**आप अपने आस–पास बहुत सारे बड़े–छोटे जीव–जन्तुओं को देखते होंगे। इनमें से कुछ के कान दिखाई देते हैं और कुछ के नहीं।**


2. (i) नीचे कुछ जीव–जन्तुओं के नाम दिए गए हैं। उनको सारणी में भरिए।

हिरण, चीता, सुअर, मछली, मैना, जिराफ, मेंढक, चिड़िया, छिपकली, चींटी, कौआ, साँप, छिपकली, हाथी, बिल्ली।

| क्र. सं. | जिनके कान बाहर दिखाई देते हैं | जिनके कान बाहर दिखाई नहीं देते हैं |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | | |
| 3. | | |
| 4. | | |
| 5. | | |
| 6. | | |

© BSTBPC WEBCOPY, NOT TO BE PUBLISHED

(ii) जिनके कान बाहर नहीं दिखते हैं, उनके कान होते हैं या नहीं? ———————



3. (i) पूर्व पृष्ठ के चित्रों को पहचानिए और इनके नाम लिखिए।

_______________ _______________ _______________

_______________ _______________ _______________

(ii) क्या आपको इनके कान दिखाई दे रहे हैं? ____________________

**इन सभी पक्षियों के कान होते हैं, तभी ये सुन पाते हैं। हाँ, हमें दिखाई नहीं पड़ते। इन सभी के कान छिद्रों के रूप में होते हैं। छिपकली और मगरमच्छ के कान की जगह भी सिर्फ दो छोटे छेद होते हैं। ध्यान से देखिए, आपको भी दिखेंगे।**

4. आइए, अपनी नज़र घुमाइए और पता कीजिए कि और कौन–कौन से जीव हैं, जिनके कान बाहर दिखाई नहीं देते हैं?

__________ __________ __________ __________

__________ __________ __________ __________

5. ऐसे जानवरों के नाम लिखिए, जिनके कान होते हैं–


- पत्ते की तरह ____________________
- सिर के ऊपर ____________________
- सिर के दोनों तरफ ____________________

© BSTBPC WEBCOPY NOT TO BE PUBLISHED

जंगल के जानवर चित्रों को देखकर ज़ोर–ज़ोर से हँसने लगे। चित्रकार गोलू खरगोश ने अपनी कूची उठाई और लगा चित्रों में रंग भरने। इसी समय चुलबुल गिलहरी बोली–'खरगोश दादा! ज़रा ठहरिए। रंग भरने के पहले सभी खाल का डिज़ाइन तो बना लीजिए'।

गोलू खरगोश ने सभी जानवरों का डिज़ाइन बना दिया। जानवर के बच्चे उन्हें अपने अनुरूप सजाने लगे।

आप भी डिज़ाइन पहचानकर चित्र में दिए जानवरों के शरीर पर खाल बनाइए।



जानवरों के शरीर पर ऐसे डिज़ाइन उनके बाल से बनते हैं। ज़रा सोचिए, उनके शरीर पर से बाल हटा दिए जायें, तो ये जानवर कैसे दिखाई देंगे?

6. नीचे कुछ जानवरों के नाम लिखे हैं। इन नामों से नीचे बनी तालिकाओं को पूरा कीजिए–

गाय, चूहा, कौआ, सुअर, लोमड़ी, मुर्गी, ऊँट, बत्तख, मेंढ़क, हाथी, भैंस, गौरैया, कबूतर, बिल्ली, मोर, छिपकिली

| क्र. सं. | कान बाहर दिखाई देते हैं | खाल पर बाल हैं | कान बाहर दिखाई नहीं देते हैं | खाल पर बाल नहीं हैं /खाल पर पंख हैं |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |
| 4. | | | | |
| 5. | | | | |
| 6. | | | | |

© BSTBPC WEBCOPY, NOT TO BE PUBLISHED

(i) क्या जिन जानवरों के कान बाहर दिखाई देते हैं उनकी खाल पर बाल होते हैं?

_______________________________________________

(ii) क्या जिन जानवरों के कान बाहर नहीं दिखाई देते हैं उनकी खाल पर बाल होते हैं?

_______________________________________________

| क्र.सं. | बच्चे देनेवाले | अंडे देनेवाले |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | | |
| 3. | | |
| 4. | | |
| 5. | | |
| 6. | | |

(iii) क्या जो जानवर अंडे देते हैं उन सभी के कान बाहर दिखाई देते हैं?

(iv) क्या जो जानवर बच्चे देते हैं, उन सभी के कान बाहर नहीं दिखाई देते हैं?

**जो जीव बच्चे देते हैं, उनके शरीर पर बाल होते हैं और कान भी बाहर दिखाई देते हैं। अंडे देनेवाले जानवरों के शरीर पर बाल नहीं होते और उनके कान बाहर नहीं दिखते हैं।**

7. अपने घर या आस-पास पाले जानेवाले किसी एक जानवर के बारे में निम्नलिखित बातें पता कीजिए—

(i) जीव का क्या नाम है?

(ii) वह क्या-क्या खाना पसंद करता है?

(iii) उसे दिन में कितनी बार खाना दिया जाता है?

(iv) उसके सोने का समय क्या है? वह कितने देर के लिए सोता है?

(v) उसका ध्यान कैसे रखा जाता है?

(vi) क्या उसे गुस्सा आता है? कैसे पता चलता है कि वह गुस्से में है?

(vii) उसकी खाल पर बाल हैं या पंख?

© BSTBPC WEBCOPY, NOT TO BE PUBLISHED

(viii) उसके कान दिखाई देते हैं या नहीं?

______________________________________________

______________________________________________

(ix) यह बच्चा है या बड़ा?

______________________________________________

______________________________________________

(x) वह बच्चा देता है या अंडे?

______________________________________________

______________________________________________

(xi) क्या उसके बच्चे हैं?

______________________________________________

______________________________________________

(xii) आज अपने पालतू जीव का चित्र बनाइए और उसमें रंग भरिए। उसका एक बढ़िया–सा नाम रखिए।

© BSTBPC
WEBCOPY, NOT TO BE PUBLISHED